हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026

तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

12 राम मंदिर से सोमनाथ मंदिर तक, मान्यताओं ..



12 विज्ञान उत्सव में छात्रों ने क्रिएटिव साइंस रंगोली के ..



## खबर संक्षेप

### पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के सात पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के गांव जाटावाला में पंचायती भूमि पर खड़े शीशम के सात पेड़ काटकर चोरी कर लिए गए। पुलिस ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव जाटावाला की पंचायती भूमि पर शीशम के पेड़ लगे हुए हैं। उसे सूचना मिली थी कि अज्ञात व्यक्ति ने पंचायती भूमि से शीशम के पेड़ काटकर चोरी कर लिए हैं। जिनकी कीमत करीब 35 हजार रुपये है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी।

### नौकरी लगवाने के नाम पर हड़पे 4.5 लाख

**यमुनानगर।** यमुनानगर के व्यासपुर निवासी पुनीत चौहान से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर साढ़े चार लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। आरोप सुनील कुमार पर लगा है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जून 2023 में आरोपी ने बड़े अधिकारियों से पहचान होने का दावा कर सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। आरोपी उसकी बातों में फंसाकर साढ़े चार लाख रुपये ले गया, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। बाद में टालमटोल करने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अंबाला: गेहूं चोरी के मामले में गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना बराड़ा पुलिस ने अनाज मंडी स्थित एक आढ़त की दुकान से 7 कट्टे गेहूं चोरी करने के मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी गोविंदा को शाहबाद से काबू कर जेल भेज दिया है। शिकायतकर्ता हरविंदर सिंह वासी गांव रजौली ने 17 अप्रैल 2026 को शिकायत में बताया था कि चोरों ने उनकी आढ़त की दुकान से गेहूं के 7 कट्टे चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच के दौरान पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ था कि इस चोरी में गोविंदा नामक व्यक्ति भी शामिल था। रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी गोविंदा का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ थाना शाहबाद में पहले से ही लड़ाई-झगड़े व चोरी से संबंधित दो अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपी से एक हजार रुपए नकदी बरामद की गई है।

---

स्पेशल स्टाफ पुलिस ने पश्चिमी यमुना नहर के पास की कार्रवाई

# यमुनानगर में एक किलो अफीम सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

- आरोपी के कब्जे से तीन लाख रुपये कीमत की अफीम बरामद
- बरेली निवासी रामाधार को अदालत में पेश कर लिया रिमांड पर
- नशा तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** लाखों रुपये की अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया नशातस्कर पुलिस हिरासत में। फोटो: हरिभूमि

जिला पुलिस की स्पेशल स्टाफ पुलिस ने लाखों रुपये के अवैध नशीले पदार्थ अफीम के साथ एक नशातस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने करीब तीन लाख रुपये कीमत की एक किलोग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय कवलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल के निर्देशानुसार जिला पुलिस की विभिन्न टीमें नशा तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में लगी हैं। उन्होंने बताया कि स्पेशल स्टाफ पुलिस के प्रभारी रमन चंदेल की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि पश्चिमी यमुना नहर कनाल रेस्ट हाउस के पास एक युवक संदिग्ध हालत में घूम रहा है और उसके पास कोई नशीला पदार्थ है। जिसे वह किसी को बेचने की फिराक में है। सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ पुलिस के प्रभारी रमन चंदेल ने उप निरीक्षक सुखविंदर राणा, एएसआई जसजीत सिंह व कुलदीप की टीम का गठन कर मौके पर जांच के लिए भेजा। जांच टीम ने मौके पर दबिश देकर वहां घूम रहे आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाकर आरोपी की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से करीब तीन लाख रुपये कीमत की एक किलोग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला बरेली के गांव राधे नगर निवासी रामाधार पुत्र महेंद्र पाल सिंह के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया। डीएसपी कवलजीत सिंह ने बताया कि रिमांड के दौरान यह पता लगाया जाएगा कि आरोपी किन किन लोगों से जुड़ा हुआ है और वह नशीले पदार्थ कहां से लाता था तथा किन क्षेत्रों में सप्लाई करता है। उन्होंने कहा कि नशा तस्करी के नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### 80 ग्राम हेरोइन व गाड़ी सहित दबोचा

**अंबाला।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। सीआईए की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए नजदीक पुराना रेलवे रिर्जर्वेशन सेंटर माल गोदाम अंबाला छावनी से दो आरोपियों को नशीला पदार्थ हेरोइन व गाड़ी सहित काबू कर थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। जांच टीम के निरीक्षक ऋषिपाल ने बताया कि उन्होंने सूचना के आधार नजदीक पुराना रेलवे रिर्जर्वेशन सेंटर माल गोदाम के पास नाकाबंदी कर दिल्ली की तरफ से आ रहे गाड़ी सवार आरोपी उमेर उर्फ काला व मेहरबान वासी गांव मुंडोगडी थाना घरौंडा जिला करनाल को 80 ग्राम हेरोइन नशीला पदार्थ व गाड़ी सहित काबू कर सफलता हासिल की। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है।

### महिला डॉक्टर से 14 लाख की ठगी

**पानीपत।** पानीपत निवासी डॉक्टर हरसिमरन कौर को मास्टर ऑफ डॉक्टरेट में एडमिशन दिलाने के नाम पर 14 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी शाहदुजमान पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी गांव कुटेसरा जिला मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपी शाहदुजमान ने देश के विभिन्न राज्यों की 15 से अधिक एमबीबीएस कर चुकी डॉक्टर्स को मास्टर ऑफ डॉक्टरेट करने कारर झांसा देकर लाखों रूपये ठग रखे है। आरोपी पर कई राज्यों में ठगी के केस दर्ज है। शाहदुजमान 12वीं पास है और खुद को डॉक्टर बताकर सोशल मीडिया पर मेडिकल की छात्राओं को एमडी कराने का झांसा देकर उनके साथ ठगी करता है। इधर, पुलिस ने आरोपी के अलग-अलग बैंक खातों में मौजूद 6 लाख रुपए की राशि को फ्रीज करवा दिया है।

- 15 महिलाओं से पहले भी ठगी कर चुका है आरोपी, गिरफ्तार

---

रायपुर रोडान पुल के समीप हादसा

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, 3 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी



मृतक संजीव

मृतक संजीव के माता-पिता का पहले ही हो चुका था निधन

रविवार देर रात नेशनल हाइवे पर रायपुर रोडान के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल करनाल में भर्ती करवाया गया है।

हादसे के बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आज शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के चाचा के लडक़े सरभू ने बताया कि तरावड़ी के दयानगर निवासी लगभग 18 वर्षीय संजीव रात लगभग साढ़े दस बजे अपनी बाइक पर सवार होकर अपने घर की तरफ जा रहा था और उसके साथ उसका एक अन्य साथी भी बाइक पर सवार था। जब वह रायपुर रोडान पुल के पास पहुंचा तो सामने से दूसरी ओर से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर भी दो लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों युवक सडक़ पर गिर गए। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने संजीव को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में तीन अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका इलाज कल्पना चावला मेडिकल अस्पताल में चल रहा है। परिजनों के अनुसार मृतक के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अवैध हथियारों की खेप के साथ चार पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सीआईए टू पुलिस ने जयदीप व पवन पुत्र दिलवार, बीरू पुत्र राजेंद्र, अमित वर्मा पुत्र अनुप निवासी गांव डाहर जिला पानीपत को अवैध हथियारों के साथ पकड़ा है। वहीं पुलिस ने आरोपियों के पास से दो देसी पिस्तौल व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई बाइक भी बरामद की है। बरामद बाइक सोनीपत के गांव गढ़ से चोरी की गई थी। उन्होंने बताया कि पवन व जयदीप का पहले भी आपराधिक रिकार्ड है। वहीं, पुलिस ने आरोपियों के साथियों को पकडने के लिए कोर्ट से चारों को दो दिन के रिमांड पर लिया है।



---

# क्लर्कों के लिए एसईटीसी परीक्षा का शेड्यूल जारी

## आवेदन की अंतिम तिथि 16 मई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड ने स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट इन कंप्यूटर एप्रिसिएशन एंड एप्लीकेशंस (एसईटीसी) मई-2026 सत्र का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 मई से शुरू हो गई है, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 16 मई निर्धारित की गई है। परीक्षा संबंधी सूचना जारी होने के बाद सरकारी विभागों में कार्यरत क्लर्कों और कंप्यूटर ऑपरेटरों में हलचल तेज हो गई है।सरकार के निर्देशों के अनुसार एसईटीसी परीक्षा नियमित और अनुबंध आधार पर कार्यरत क्लर्क वर्ग के कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है। परीक्षा पास करने वाले कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। निगम के अनुसार परीक्षा के ई-एडमिट कार्ड 20 मई से डाउनलोड किए जा सकेंगे।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कुरुक्षेत्र।** कैथल-नरवाना रेल लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद उसकी एक बाजू शरीर से अलग हो गई। सूचना पाकर राजकीय रेलवे पुलिस मौके पर आई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, पिंडारसी और थानेसर रेलवे स्टेशन के बीच किलोमीटर 70/16-17 के पास रेलवे लाइन के बीच एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुरूआती जांच में सामने आया कि व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आया है, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की उम्र 38 से 40 साल के बीच है। हादसे के दौरान शरीर पर गंभीर चोटें आई मृतक के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

---

# महिला से गैंगरेप के दो दोषियों को उम्रकैद

- फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोनों दोषियों पर जुर्माना भी लगाया, महिला का अपहरण कर खेतों में बने कमरे में किया था दुष्कर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



आरोपियों के मोबाइल से मिले रेप के पांच वीडियो बने अहम सबूत

एडिशनल सेशन जज-कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट अम्बरदीप सिंह की अदालत ने विवाहिता से गैंगरेप के दो दोषियों सुमित उर्फ काला पुत्र रोहताश व रोहित पुत्र सुरेंद्र निवासी गांव मच्छरौली जिला पानीपत को आजीवन कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं जज सिंह की अदालत ने दोषियों पर 36-36 रुपयेका जुर्माना भी किया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषियों को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 में 24 अप्रैल सन-2024 को आरोपियों सुमित उर्फ काला व रोहित पर अपहरण, मारपीट, हत्या की धमकी देने व सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज कराने वाली पीडित विवाहिता, एडिशनल सेशन जज-कम- फास्ट ट्रैक कोर्ट अम्बरदीप सिंह की अदालत में केस की सुनवाई के दौरान अपने बयानों से मुकर गई थी और उसने आरोपियों को पहचाने से भी इंकार कर दिया था। इधर, हुडा औद्योगिक सेक्टर-29 पुलिस ने आरोपियों सुमित व रोहित के मोबाइल फोन से दुष्कर्म की वारदात के पांच वीडियो बरामद किए थे। वहीं, पुलिस ने मोबाइल में मिली वीडियो की एफएसएल मधुबन से जांच करवाई थी। इधर, जज सिंह की अदालत ने महिला से दुष्कर्म के दौरान सुमित उर्फ काला व रोहित द्वारा बनाए गए पांच वीडियो मुख्य साक्ष्य मानते हुए सुमित उर्फ काला व रोहित को उम्रकैद की सजा दी है। सजा दी है।

### यह है मामला

अंबाला की निवासी दंपत्ति 24 अप्रैल सन 2024 के दिन जीटी रोड पर खडे थे, वहीं ऑटो रिक्शा में सवार सुमित व रोहित इनके पास पहुंचे और दोनों को जबरन ऑटो रिक्शा में बैठाने की चेष्टा की, विरोध करने पर आरोपियों ने पति को पीटा और इसकी पत्नी का अपहरण कर गांव मच्छरोली के खेतों में बने कमरे में ले गए, कमरे में सुमित व रोहित ने महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो बनाई थी।

---

# विवाद में ईंट मारकर बुजुर्ग की हत्या

- गली में युवक-युवती को टोकने पर हुआ विवाद
- पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर की कलाल माजरी में गली में खड़े युवक-युवती को टोकना एक बुजुर्ग के लिए जानलेवा साबित हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक 55 वर्षीय रामनाथ अपने घर के बाहर मौजूद थे, तभी उन्होंने गली के एक कोने में खड़े युवक-युवती को देखकर उन्हें वहां से हटने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया।कुछ ही देर बाद युवक अपने तीन-चार साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और रामनाथ से बहस करने लगे। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान युवकों ने ईंटों से हमला कर दिया। हमले में रामनाथ गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें हमलावरों की हरकतें साफ दिखाई दे रही हैं। सूचना मिलने पर थाना सिटी पुलिस और जांच टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में ले ली। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# हरिद्वार जा रहे दो दोस्तों की दुर्घटना में मौत, दो गंभीर

**इसराना(पानीपत)।** पानीपत के गांव शाहपुर के पास रविवार की रात को रोहतक-पानीपत हावे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार प्रदीप पुत्र बलवान सिंह, रोहित पुत्र रणजीत सिंह निवासी गांव लाखन माजरा, जिला रोहतक की मौत हो गई। जबकि संजय पुत्र बलवान सिंह, सोहन लाल पुत्र सुरेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को राहगिरों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। जहां दोनों की हालत स्थित बनी हुई है। इधर, इसराना थाना पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक व घायलों के परिजनों को दी। वहीं, पुलिस ने सोमवार को प्रदीप व रोहित के शवों का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। मृतक व घायल बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रहे थे, गांव शाहपुर के बस स्टैंड के पास पहुंचे तो गन्नौर की तरफ से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की इनकी बाइक को टक्कर मारी थी।

# नहाते समय नहर में डूबे व्यक्ति का मिला शव



सोहन लाल

**यमुनानगर।** दो दिन पहले नहाते समय पश्चिमी नहर में डूबे व्यक्ति का शव सोमवार को नहर में पानी में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। रादौर निवासी पवन कुमार ने बताया कि उसका चाचा सोहन लाल (49) गत शनिवार सुबह नहर में नहाने के लिए कहकर घर से निकला था। मगर इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। दोपहर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो नहर पर जाकर उसकी तलाश की गई। इस दौरान वहां पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह के वक्त एक व्यक्ति नहाते समय पैर फिसलने से नहर के पानी में बह गया था। जिसके बाद से परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। सोमवार सुबह छह बजे के करीब नहर किनारे बने मंदिर में रहने वाले एक व्यक्ति ने सूचना दी कि किसी व्यक्ति का शव नहर में पानी में तैर रहा है। पुलिस मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

---

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर सेमिनार, वीसी बोले

# केवल डिग्री हासिल करना पर्याप्त नहीं शोध और इनोवेशन पर भी ध्यान दें छात्र

### कॉपीराइट और ट्रेडमार्क की दी जानकारी

- आयुर्वेद को एआई, डिजिटल तकनीक से जोड़ने पर जोर
- विद्यार्थियों से स्टार्टअप और नए मॉडल विकसित करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



**कुरुक्षेत्र।** समारोह में मंचासीन श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान व अन्य। फोटो: हरिभूमि

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि आयुर्वेद में नवाचार और तकनीक के क्षेत्र में असीम संभावनाएं मौजूद हैं। यदि विद्यार्थी आज भी तकनीक और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे नहीं बढ़ते हैं तो यह चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री हासिल करने से सफलता नहीं मिलेगी, बल्कि विद्यार्थियों को छोटे-छोटे नवाचार और नए मॉडल विकसित करने होंगे। वे राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। आयुर्वेद को आधुनिक तकनीक, रिसर्च और डिजिटल इनोवेशन के साथ जोड़कर स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थ मॉनिटरिंग डिवाइस और रिसर्च आधारित तकनीकों के माध्यम से आयुष चिकित्सा पद्धति को नई दिशा देने के लिए आगे आना चाहिए।

### डॉ. राहुल तनेजा ने कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं पेटेंट की जानकारी दी

इससे पहले कुलपति प्रो. धीमान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता, आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग की डायरेक्टर एवं कार्यक्रम संयोजक प्रो. दीप्ति पराशर, रिसोर्स पर्सन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान से डॉ. रामअवतार शर्मा, आईआईटी दिल्ली से डॉ. समीर सिंह, एचएससीएसआईटी के विशेषज्ञ डॉ. राहुल तनेजा ने भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलसचिव डॉ. गुप्ता ने कहा कि आयुर्वेद को आधुनिक विज्ञान एवं तकनीक के साथ जोड़कर नई पीढ़ी के लिए अधिक उपयोगी और प्रभावी बनाया जा सकता है। इसके लिए शोध, स्टार्टअप और नवाचार की संस्कृति विकसित करना समय की आवश्यकता है। आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने कहा कि आयुर्वेद और आधुनिक तकनीक के समन्वय से स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, वैज्ञानिक एवं जनहितकारी बनाया जा सकता है। सेमिनार के पहले सत्र में एचएससीएसआईटी के विशेषज्ञ डॉ. राहुल तनेजा ने कॉपीराइट, ट्रेडमार्क एवं पेटेंट विषय पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत में वर्ष 1856 में पहली बार पेटेंट हुआ।

---

# हाइब्रीड मक्का की खेती की ओर बढ़ा किसानों का रूझान

- कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक मक्का की खेती करने से बढ़ेगी भूमि की उर्वरा शक्ति और पानी का दोहन होगा कम
- प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल मक्का की पैदावार निकलने का किसानों ने जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** खेतो में लहलहाती हाइब्रीड मक्का की फसल। फोटो: हरिभूमि

आर्थिक स्थिति मजबूत करने, भूमि की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और पानी का दोहन कम करने के उदेश्य से जिले के अधिकांश किसानों द्वारा इस बार हाईब्रीड मक्का की फसल की पैदावार की है। सरकारी आंकड़ो की मानें तो जिले में इस बार करीब तीन हजार हेक्टेयर भूमि में मक्का की फसल लहलहा रही है। किसानों के मुताबिक कम लागत में हाइब्रीड किस्म की मक्का की पैदावार प्रति एकड़ 30 से 35 क्विंटल निकलने की उम्मीद है। जिससे किसान खुश हैं। किसान गुलशन कुमार, रविंद्र कुमार, दलीप राणा, सुरेश पाल, महेंद्र सिंह व पवन कुमार आदि का कहना है कि मक्का की खेती पर जहां लागत नाम मात्र आ रही है, वहीं इसकी पैदावार भी अधिक निकल रही है। जिससे किसानों का रुझान जिले में हाइब्रीड मक्का की खेती की ओर बढ़ रहा है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. विजय पाल का कहना है कि अधिक पैदावार लेने के लिए हाइब्रीड मक्का की खेती की बिजाई फरवरी माह के अंत तक कर देनी चाहिए। वहीं, कृषि विशेषज्ञ डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि हाइब्रीड मक्का की फसल की खासियत यह है कि यह चार महीनें में पक कर तैयार हो जाती है।

## खबर संक्षेप

### अश्लील वीडियो भेज कर पैसे मांगने का आरोप

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने गांव संधाय निवासी शुभम के खिलाफ व्हाट्स एप पर अश्लील वीडियो भेज कर पैसे मांगने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 40 वर्षीय व्यक्ति ने साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके व्हाट्सएप पर 23 अप्रैल को शुभम के मोबाइल से अश्लील वीडियो आया। इसके बाद उसने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह पैसे की डिमांड करने लगा। उसने पैसे देने से मना कर दिया और मामले की शिकायत साइबर क्राइम पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी शुभम के खिलाफ 308 टू, 351 टू बीएनएस और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर जगाधरी की एक कॉलोनी से युवक से शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। पुलिस ने युवती के भाई की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर जगाधरी थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 मई को शाम छह बजे उसकी 22 वर्षीय बहन किसी काम से घर से बाहर गई थी मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसकी बहन का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी बहन को गांव तिगरा निवासी अभिषेक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। आरोपी अभिषेक उसकी बहन से फोन पर बात करता था। जिसके बाद आरोपी ने उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी की नीयत से भगा ले गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी अभिषेक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

# पौधे लगाएं, पर्यावरण रहेगा स्वच्छ, जीवन होगा स्वस्थ : भार्गव

**लोगों से त्योहारों व जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने की अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोमवार को इंटरनेशनल केमिकल इंडस्ट्रीज द्वारा शहर के ममीदी स्थित कार्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में इंडस्ट्रीज के वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने भाग लिया। मौके पर वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने आम का पौधा रोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए पौधरोपण बहुत ही जरूरी है। पौधे बढ़ेंगे तभी हमें शुद्ध हवा मिल सकेगी और हम सभी स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। इस अवसर पर इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों व अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र में फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। मुख्यातिथि एवं वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने कहा कि प्रदूषण की वजह से वातावरण दूषित हो रहा है। जिसकी वजह से मानव जीवन अस्वस्थ होने लगा है। हमें प्रदूषण को समाप्त करने के लिए व वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करना चाहिए, जिससे कि पर्यावरण स्वच्छ रह सके। उन्होंने कहा कि पर्यावरण स्वच्छता से ही जीवन स्वस्थ रह सकता है। पर्यावरण दूषित हुआ तो तरह-तरह की बीमारियां फैलने लगेंगी। वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने बताया कि कंपनी द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा जेट फिनाइल समेत कई उत्पाद बनाए जा रहे हैं। मगर उनके साथ-साथ कंपनी द्वारा सामाजिक कार्यों में भी अपना पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अपने त्योहारों व जन्मदिनों के अवसर पर कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाए जाने की अपील की। इस अवसर पर कंपनी के कर्मचारियों ने औषधीय, फलदार व छायादार पौधे रोपित किए।



यमुनानगर। ममीदी क्षेत्र में पौधारोपण अभियान का शुभारंभ करते इंटरनेशनल केमिकल इंडस्ट्रीज के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## वर्ष 2022 से चल रहा आवर्धन नहर के नवीनीकरण का कार्य

# निर्माण की रफ्तार कम, धूल के गुबार से घुट रहा लोगों का दम

**आसपास बसे गांवों के लोगों को आने-जाने के लिए नहर की पटरी से होकर पड़ता है गुजरना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। आवर्धन नहर पर हमीदा हेड के पास स्थित बदहाल रास्ता। इससे लोगों को धूल के गुबार के बीच आना-जाना पड़ता है। फोटो : हरिभूमि

दक्षिण हरियाणा की प्यास बुझाने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल की सरकार द्वारा 1971 में यमुनानगर के हमीदा हेड से बनाई गई आवर्धन नहर का नवीनीकरण कार्य धीमी गति से चलने के कारण आसपास के क्षेत्र के लोग परेशान हैं। आलम यह है कि आवर्धन नहर की पटरी पर व नजदीक स्थित रास्तों पर पानी का छिड़काव नहीं किए जाने के कारण लोग उड़ रही धूल में आवागमन करने पर मजबूर हैं। नहर के आसपास के क्षेत्र के लोगों ने नहर के पास बने रास्तों पर पानी का छिड़काव किए जाने और नवीनीकरण के कार्य को जल्द पूरा किए जाने की सरकार से मांग की है। वर्ष 2022 में दक्षिण हरियाणा को अतिरिक्त पानी पहुंचाने के लिए आवर्धन नहर की क्षमता 4500 क्यूसेक से बढ़ाकर छह हजार क्यूसेक किए जाने को लेकर नहर के नवीनीकरण का एग्रीमेंट किया गया था। हमीदा हेड से करनाल के मुनक हेड तक करीब 67 किलोमीटर लंबी इस नहर की क्षमता बढ़ाने के लिए नवीनीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 22 किलोमीटर का क्षेत्र यमुनानगर में पड़ता है। इस 22 किलोमीटर के एरिया में आवर्धन नहर के साथ लगते गांवों की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पड़ती है। जिसमें किसानों को नहर की पटरी से होकर गुजरना पड़ता है। नहर पर वर्ष 2022 से नवीनीकरण कार्य चल रहा है। नहर की पटरी के रास्तों पर दिन भर छोटे-बड़े वाहन आते-जाते रहते हैं, जिससे दिनभर धूल उड़ती रहती है। निर्माण कार्य में लगी एजेसिंयों द्वारा रास्तों पर पानी का छिड़काव नहीं करने से लोग परेशान हैं। लोगों को अपने गांव व खेतों में जाने के लिए इन्हीं उड़ती धूल के बीच से होकर गुजरना होता है। धूल की वजह से लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासतौर पर सांस के मरीजों को काफी परेशानी हो रही है, लेकिन निर्माण कार्य में लगी एजेंसी के अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं। वे मंद गति से काम में लगे हुए हैं। निर्माण कार्य की अवधि बार-बार बढ़ाई जा रही है।

### बार-बार बढ़ाया जा रहा समय

आवर्धन नहर के निर्माण कार्य को पहले जुलाई 2024 में पूरा किया जाना था। मगर यह समय अवधि में पूरा नहीं हुआ। जिसके बाद इसकी समय अवधि बढ़ाकर जून 2025 की गई। लेकिन इस समय अवधि में भी नहर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ। जिसके बाद समय अवधि बढ़ाकर फरवरी 2026 की गई। मगर अब मई माह भी आधा बीत चुका है और नहर का निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ है। आलम यह है कि निर्माण कार्य धीमी गति से किया जा रहा है।

### नहीं होता पानी का छिड़काव

क्षेत्र के रविंद्र कुमार, विशाल, संजय, गुरदीप सिंह, अमित कुमार व बीएस आदि ने सरकार से नहर के नवीनीकरण के कार्य के पूरा होने तक निर्माण कार्य में लगी एजेंसियों से रास्तों पर प्रतिदिन पानी की छिड़काव करवाए जाने और इस कार्य को तुरंत पूरा करवाए जाने की मांग की है।



### आपदा में बचाव का दिया प्रशिक्षण

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल स्कूल रादौर में सोमवार को मॉक ड्रिल एवं फायर सेफ्टी विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान अध्यापक विलसन कुमार ने विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षा उपायों तथा पीड़तिों की सहायता करने के विभिन्न तरीकों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।अध्यापिका केधिता ने प्रोजेक्टर के माध्यम से फायर सेफ्टी से संबंधित वीडियो प्रस्तुत कर विद्यार्थियों की जानकारी एवं जागरूकता को बढ़ाया। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस अवसर पर अध्यापक दीपक कुमार, आंचल शर्मा, मोना जावा, डॉली कांबोज, उर्वशी आदि मौजूद थे।



### आध्यात्म से नाता जोड़ें महिलाएं

**रादौर।** संत निरंकारी सत्संग भवन रादौर में सोमवार को पहला विशाल जिला स्तरीय निरंकारी महिला संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत निरंकारी मंडल दिल्ली से आई केंद्रीय प्रचारक बहन अनिता वाधवा ने की। कार्यक्रम में नारी शक्ति को आध्यात्मिकता से जोड़कर परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को उजागर करने पर जोर दिया गया। प्रचारक अनिता वाधवा ने कहा कि नारी को आध्यात्मिकता अपनाकर परिवार में प्यार और अनुशासन (मर्यादा) बनाए रखना चाहिए। सत्संग, सेवा और सिमरन के माध्यम से निराकार ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव रख कर अपने कर्म क्षेत्र को उज्ज्वल करने का प्रयास करना चाहिए। सामाजिक एकता के विषय पर उन्होंने फरमाया कि नफरत छोड़कर प्यार फैलाने और बच्चों को अच्छे संस्कार देकर एक बेहतर समाज के निर्माण का संदेश स्वयं जीवन जी कर देने का काम करें।

# विपिन गुप्ता अग्रवाल युवा वैश्य समाज के यमुनानगर विस क्षेत्र के बने प्रधान

- हरियाणा अग्रवाल युवा वैश्य समाज की यमुनानगर युवा इकाई की कार्यकारिणी का किया गया गठन, धीरज मित्तल बनाए गए विधानसभा क्षेत्र महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



अग्रवाल युवा वैश्य समाज हरियाणा द्वारा यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र की इकाई की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र का प्रधान विपिन गुप्ता को बनाया गया। अग्रवाल युवा वैश्य समाज के युवा प्रदेशाध्यक्ष हिमांशु गोयल ने प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल और प्रदेश संगठन सचिव पंकज मित्तल की अनुशंसा पर एवं जिला अध्यक्ष आशीष मित्तल, जिला महासचिव शिवकांत मंगला व जिला कोषाध्यक्ष कपिल बंसल के विचार विमर्श लेकर यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र की इकाई का गठन किया। विपिन गुप्ता को अग्रवाल वैश्य समाज युवा इकाई का विधानसभा क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, धीरज मित्तल को विधानसभा महासचिव, अभिषेक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं, कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में शैंकी गुप्ता, गौरव गुप्ता,पुलकित अग्रवाल, दीपक मित्तल ,विजय अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, राघव गर्ग, ईशान गोयल, अर्णव सिंगल, बलराम गुप्ता, कुणाल गोयल व ईशान गोयल को नियुक्त किया गया। अग्रवाल युवा वैश्य समाज यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र इकाई के नवनियुक्त प्रधान विपिन गुप्ता ने अपनी नियुक्ति पर अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला समेत समस्त प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसका पूरी ईमानदारी से निभाएंगे। वह संगठन को मजबूत करने और सदस्यों की समस्याओं का निवारण करने के लिए हर समय तत्पर रहेंगे।

# सोमनाथ मात्र एक मंदिर नहीं, भारत का स्वाभिमान: राणा

**कैबिनेट मंत्री ने श्री गौरी शंकर मंदिर में किया भगवान शिव का जलाभिषेक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला स्तरीय सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन सोमवार को जगाधरी के श्रीगौरी शंकर मंदिर जड़ोदा गेट में श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ किया गया। इस दौरान कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए तथा भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा से हुआ जिसमें महिलाओं, युवाओं एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर पहुंची। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों व भजन मंडली द्वारा शिव तांडव, भजन, शिव वंदना आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गए। उन्होंने श्री गौरी शंकर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि आज का यह अवसर केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि भारत के सांस्कृतिक पुनरुत्थान का एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, उत्साह व भक्ति भाव का पर्व है। हम यहां सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के माध्यम से उस आस्था को नमन करने आए हैं जो 1000 वर्षों के आक्रमणों के बाद भी हिमालय की तरह अडिग है। इतिहास गवाह है कि हमारी सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक सोमनाथ मंदिर के इस पावन शिखर को बार-बार गिराने का प्रयास किया गया। हमला करने वाले दुष्ट लोगों ने सोचा था कि ईंट और पत्थरों को तोड़कर वे भारत की आत्मा को कुचल देंगे, लेकिन वे भूल गए कि सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान की चेतना है। जितनी बार इसे गिराया गया, उतनी ही भव्यता के साथ यह श्रद्धा के बल पर फिर से खड़ा हुआ। यह 1000 वर्ष की अखंड यात्रा हमें सिखाती है कि सत्य और आस्था को कोई भी शक्ति पराजित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि इस स्वाभिमान पर्व पर हम संकल्प लें कि हम अपनी संस्कृति के इस दीपक को कभी बुझने नहीं देंगे और हम सोमनाथ की इस ऊर्जा को राष्टN निर्माण की ऊर्जा बनाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों की नई पहचान दिलाने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।



यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### ये रहे मौजूद

मौके पर आदिबद्री के संत विनय स्वरूप ब्रह्मचारी, प्राचीन सूर्य कुंड मंदिर अमादलपुर के संत राहुल चैतन्य जी महाराज अपने शिष्यों के साथ मौजूद रहे। इस अवसर पर संतों को भी सम्मानित किया गया।

## मेयर ने दिए आसपास की कालोनियों में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाने के निर्देश

# तेजली खेल परिसर को मिलेगी जलभराव की समस्या से निजात

**अभी फुटबाल मैदान में गिरता है आसपास की कालोनियों का गंदा पानी, खिलाड़ियों को होती है परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। तेजली खेल परिसर में निरीक्षण के दौरान जलभराव की समस्या को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देतीं मेयर सुमन बहमनी। फोटो : हरिभूमि

ट्विन सिटी के तेजली खेल परिसर के फुटबाल मैदान में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का नगर निगम द्वारा स्थाई समाधान निकाल लिया गया है। कीर्ति नगर व इंदिरा आवास कॉलोनियों से मैदान में आ रहे गंदे पानी की निकासी के लिए नगर निगम द्वारा अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 31 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल ने सोमवार को तेजली खेल परिसर का निरीक्षण करने पहुंचीं मेयर सुमन बहमनी को दी। निरीक्षण के दौरान मेयर के साथ जिला खेल अधिकारी शिल्पा गुप्ता, सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल, कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार व पार्षद प्रतिनिधि राहुल कुमार मौजूद रहे। मेयर ने निगम अधिकारियों को जल्द से जल्द यह कार्य करने के निर्देश दिए। मेयर सुमन बहमनी ने सोमवार को तेजली खेल परिसर में पहुंचकर सबसे पहले फुटबॉल मैदान का जायजा लिया। मेयर ने मैदान में होने वाले जलभराव से खिलाड़ियों को होने वाली परेशानियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि कीर्ति नगर, इंदिरा आवास कॉलोनी तथा आसपास की अन्य कॉलोनियों का पानी खेल परिसर की ओर आने के कारण मैदान में पानी भर जाता है। इससे खिलाड़ियों को अभ्यास करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और कई बार खेल गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। मौके पर नगर निगम के सहायक अभियंता मृणाल जायसवाल ने मेयर सुमन बहमनी को बताया कि समस्या के स्थाई समाधान के लिए करीब 31 लाख रुपये का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। योजना के तहत कीर्ति नगर से अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई जाएगी। जिससे कॉलोनियों का पानी सीधे निकासी लाइन के माध्यम से गधौली की तरफ भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए टेंडर भी पहुंच चुके हैं और जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

### तय समय में हो पाइप लाइन बिछाने का काम

मेयर सुमन बहमनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए और निर्धारित समय में काम को शुरू करके पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि खेल मैदान खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने का महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। इसलिए वहां मूलभूत सुविधाएं बेहतर होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर निगम शहर में जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है और जहां जहां जलभराव की समस्या सामने आ रही है। वहां प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जा रहा है।



### बच्चों ने मंच पर किया पंचायत व्यवस्था को जीवंत

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने सोमवार को लघु नाटिका के माध्यम से पंचायत व्यवस्था की जीवंत झलक प्रस्तुत की। स्कूल की सामाजिक अध्ययन विषय की अध्यापिका ज्योति ने बताया कि विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों द्वारा लघु नाटिका प्रस्तुत कर पंचायत की कार्य प्रणाली एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को प्रभावशाली ढंग से मंचित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी शानदार अभिनय कला के माध्यम से शिक्षा,वाटर हार्वेस्टिंग, मतदान जागरूकता, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व गाँव के समग्र विकास जैसे मुद्दों को विस्तारपूर्वक दर्शाया। नाटिका में बच्चों ने ग्राम पंचायत की बैठकों, सरपंच एवं पंचों की जिम्मेदारियों, ग्रामीण समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को बेहद रोचक व वास्तविक शैली में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि पंचायत केवल प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि गाँव के विकास और सामाजिक जागरूकता की मजबूत नींव है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए वर्षा जल संचयन अपनाने का संदेश दिया। वहीं मतदान जागरूकता विषय पर प्रस्तुत दृश्य के माध्यम से लोगों को अपने मताधिकार का सही उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षा के महत्व पर आधारित प्रस्तुति में यह बताया गया कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की पहचान होता है। स्कूल की प्रधानाचार्य रीतू सिंगला ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता व जनहित के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का एक महत्वपूर्ण अंग है और बच्चों में राष्ट्र एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना का विकास करना इसका उद्देश्य है।

## मुख्यमंत्री ने श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व कार्यक्रम में की शिरकत

# सोमनाथ मंदिर भारत की सनातन चेतना व राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक: सैनी

**सीएम ने मंदिर कमेटी पदाधिकारियों व संत समाज ने स्मृति चिह्न से किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सोमनाथ मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सनातन चेतना, अटूट आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान का अमर प्रतीक है, जिसने हर आक्रमण, हर संघर्ष और हर विपत्ति के बाद राष्ट्र को पुनः खड़े होने की शक्ति दी है। मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र के पिहोवा स्थित श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को मंदिर कमेटी पदाधिकारियों और संत समाज ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री और उपस्थित श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष पूजा करते हुए अपना संबोधन दिया। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे साधु संतों का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शॉल ओढ़ा कर सम्मान भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा यह वर्षभर का राष्ट्रीय पर्व भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक जागरण और सभ्यतागत निरंतरता का प्रतीक है। वैदिक नदियों अरुणाय और सरस्वती के पावन संगम स्थल पर इस पर्व का आयोजन इसकी आध्यात्मिक महत्ता को और अधिक दिव्य बना रहा है। उन्होंने कहा कि यहां स्थित प्राचीन संगमेश्वर मंदिर सदियों से इस पवित्र संगम और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा का साक्षी रहा है। मुख्यमंत्री ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व 11 जनवरी 2027 तक चलेगा। उन्होंने बताया कि देशभर से श्रद्धालु सोमनाथ मंदिर पहुंच रहे हैं तथा हरियाणा से भी मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 8 जून को विशेष ट्रेन रवाना की जाएगी।



पिहोवा। श्रीसंगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में पूजा करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।



पिहोवा। सोमनाथ मंदिर में आयोजित विशेष कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की सांस्कृतिक विरासत को मिली पहचान

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई वैश्विक पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का भव्य निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति के पुनर्जागरण का सबसे बड़ा प्रतीक बनी। उन्होंने कहा कि उस समय कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा देश राममय हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक और केदारनाथ धाम के पुनर्विकास ने भारत के प्राचीन तीर्थ स्थलों की गरिमा को पुनर्स्थापित किया है तथा आधुनिक भारत को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोडने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि चारधाम परियोजना, प्रसाद योजना और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण जैसे प्रयासों के माध्यम से भारत अपनी आध्यात्मिक जड़ों से पुनः जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह नए भारत का वह कालखंड है जहां विकास और विरासत साथ-साथ चल रहे हैं।

### सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व हमारी सनातन संस्कृति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। सोमनाथ को तोडने वाले आज इतिहास में सिमट गए हैं, लेकिन सोमनाथ की ध्वजा आज भी भारत की शक्ति का संदेश दे रही है। सोमनाथ मंदिर भारत की सांस्कृतिक अस्मिता और आत्मसम्मान का प्रतीक है और इसे बार-बार तोडने के बावजूद श्रद्धा के साथ पुनः खड़ा किया गया। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर 1029 वर्ष पहले मोहम्मद गजनवी के आक्रमण के बाद भी कई बार पुनर्निर्मित हुआ। सरदार पटेल के प्रयासों से इसका जीर्णोद्धार हुआ। अब इसके 75 वर्ष पूरे होने पर इसे स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर महंत रविन्द्र पुरी महाराज, ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, बंसी पुरी महाराज, भद्रकाली मंदिर पीठाधीश पंडित सतपाल महाराज, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र गोल्डी, भाजपा वरिष्ठद्द नेता जयभगवान शर्मा डीडी, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की अतिरिक्त निदेशक वर्षा खांगवाल, एडीपीआर मनीष लोहान आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर पोस्टर मेकिंग में आर्यन मित्तल रहा प्रथम



कुरुक्षेत्र। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एनसीएसएम), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की एक इकाई, कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर फकीर चन्द, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहे। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुरूआत वर्ष 1999 में हुई थी। यह दिवस 11 मई 1998 को पोखरण-द्वितीय परमाणु परीक्षण तथा भारत की महत्वपूर्ण तकनीकी उपलब्धियों की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में प्रौद्योगिकी मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। तेजी से बदलती दुनिया में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक एवं रचनात्मक तकनीक का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर पैनोरमा के हेड एवं सीनियर क्यूरेटर डॉ. सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 27 विद्यालयों के 582 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## एनडीए की लिखित परीक्षा में गुरुकुल के 30 छात्रों को मिली सफलता

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि संस्थान के 30 विद्यार्थियों ने यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित एनडीए-157 लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गुरुकुल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से पूरे गुरुकुल परिवार में उत्सव का माहौल है। गुजरात के राज्यपाल एवं गुरुकुल के प्रेरणास्रोत आचार्य देवव्रत जी ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं गुरुकुल परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भविष्य के लिए उज्ज्वल सफलता की कामना की। इस अवसर पर गुरुकुल कुरुक्षेत्र के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप, व्यवस्थापक रामनिवास आर्य, एनडीए ब्लॉक के सूबेदार बलवान सिंह एवं अशोक चौहान ने प्रसन्नता व्यक्त की तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपीएससी एनडीए-157 लिखित परीक्षा के घोषित परिणामों में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के 30 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। अब ये विद्यार्थी एसएसबी इंटरव्यू की तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और गुरुकुल के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

**खबर संक्षेप**

### नर सेवा ही नारायण सेवा : मास्टरजी

**थानेसर।** नर सेवा ही नारायण सेवा है। अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु मास्टरजी का कहना है कि ये जो शरीर है, इसको हमने गाड़ी कहा। गाड़ी में भी कहीं पर कुछ ऊर्जा जाती है, जैसे पेट्रोल या अन्य साधन। संसार की कोई भी चीज बिना ऊर्जा के नहीं चल सकती। ऐसे ही हमारा शरीर भी बिना ऊर्जा के नहीं चलता है। शरीर में जीवन एक बैटरी की तरह है। वही ऊर्जा, चेतना, आत्मा, जो हमारे इस शरीर में प्रवेश करती है, एक दिन चली जाती है। जब इस शरीर में ऊर्जा आई तो हमने कहा जन्म हुआ, और वही ऊर्जा जब इस शरीर से बाहर जाती है, उसको हमने मृत्यु कहा।

### टीबी मरीजों को चौथे महीने की पोषक सामग्री बांटी

**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती प्रदान करते हुए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के 100 टीबी मरीजों को नियमित रूप से राशन सामग्री वितरित की जा रही है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन टीम ने आज संसदीय क्षेत्र के 100 मरीजों के घरों में डोर टू डोर जाकर चौथे महीने की पोषक सामग्री वितरित की गई। यह पहल टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि टीबी आज भी एक गंभीर बीमारी है, जो बड़ी संख्या में लोगों को प्रभावित कर रही है।

## एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा



लाडवा। जानकारी देते एसडीएम अनुभव मेहता व उपस्थित लोग।

एसडीएम अनुभव मेहता ने सोमवार को अपने उपमंडल कार्यालय लाडवा में आयोजित समाधान शिविर के दौरान क्षेत्र के नागरिकों की विभिन्न शिकायतों को सुना। इस दौरान उन्होंने शासन और जनता के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करते हुए प्राप्त आवेदनों को मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को भेज कर उनके स्थायी निवारण के लिए जरूरी दिशानिर्देश दिए। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे ये शिविर आमजन के लिए अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहे हैं, क्योंकि यहां एक ही छत के नीचे समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनहित के कार्यों को सर्वोपरि रखते हुए प्रत्येक आवेदन का निपटारा पूरी संवेदनशीलता के साथ करें ताकि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी किसी भी विभागीय या प्रशासनिक समस्या के समाधान के लिए इन शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं, जहां प्रशासन की पूरी टीम जनमानस की सहायता के लिए तत्पर रहती है।

### कुवि ने घोषित किए 36 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के 36 परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थी अपने परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि मई 2025 सत्र में बीएससी फॉरेंसिक साइंस द्वितीय सेमेस्टर, बीटेक सीएसई (एआईएमएल) द्वितीय सेमेस्टर, बीआर्किटेक्चर चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के परिणाम जारी किए गए हैं। जनवरी 2025 सत्र के अंतर्गत एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी केमिस्ट्री चतुर्थ सेमेस्टर (स्पेशल) तथा एमएससी जूलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर (स्पेशल) के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं।

## हरियाणा नंबरदार एसो. की हुई प्रदेश स्तरीय बैठक

- राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बनी संयोजक समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के सदस्य।

सेक्टर-8 स्थित डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन में हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन हरियाणा की एक महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान नंबरदार एसोसिएशन कुरुक्षेत्र रणबीर सिंह खैरी ने की। इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं तहसीलों से बड़ी संख्या में नंबरदार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया तथा समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी नंबरदारों एवं अतिथियों ने संगठन की एकता और मजबूती का संदेश दिया। बैठक में नंबरदार समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य रूप से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ प्रस्तावित राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन के राज्य स्तरीय सम्मेलन के आयोजन हेतु स्थान, समय एवं दिनांक निश्चित करवाई जाएगी, ताकि पूरे प्रदेश के नंबरदार एक मंच पर एकत्रित होकर अपनी एकजुटता का परिचय दे सकें। इस अवसर पर रामसरूप भुट्टो प्रधान थानेदार, संजीव कश्यप लाडवा, सतीश शर्मा खैरी, जिला महासचिव गुरप्रीत सिंह पिपली, चेयरमैन रणदीप गुड्डा, अधिवक्ता बलिंद्र सैनी, बाबैन प्रधान नरेश सैनी आदि मौजूद रहे।



शाहबाद। विद्यार्थियों को नोटबुक्स वितरित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### रोटरी ने जरुरतमंदों को वितरित की नोटबुक्स

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा शिक्षा के स्तर को सुदृढ़ करने और जरूरतमंद विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष सेवा प्रकल्प का आयोजन राजकीय मिडिल स्कूल, लोटनी में किया गया। कार्यक्रम के तहत क्लब के सदस्यों ने स्कूल पहुँचकर विद्यार्थियों को नोटबुक्स वितरित कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रोटरी प्रधान रो. डॉ. आर. एस. घुम्मन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटरी का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए, इसके लिए रोटरी क्लब निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कैप्टन डॉ. सुरेश सैनी, जिन्होंने रिकॉर्ड 255 बार रक्तदान कर समाज सेवा की एक मिसाल कायम की है, ने रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा के इस सेवा प्रोजेक्ट की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर किया गया कार्य ही समाज की असली प्रगति है। कैप्टन सैनी ने बच्चों को सेना के अनुशासन के बारे में बताते हुए कहा कि जिस तरह एक सैनिक देश की रक्षा करता है, उसी तरह एक विद्यार्थी को शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

## इनसो कार्यकर्ताओं ने कुलपति कार्यालय समक्ष किया प्रदर्शन, मांगों का सौंपा ज्ञापन

- गेट फांदकर अंदर घुसे कार्यकर्ता, विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एलएलबी में एग्जाम बंद कर मेरिट के आधार पर दाखिले देने का नोटिस जारी होते ही कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में सोमवार को इनसो छात्र संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने कुलपति कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया। छात्रों के प्रदर्शन के मध्यनजर मौके पर विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे। प्रदर्शन के मध्यनजर सुरक्षाकर्मियों ने कुलपति कार्यालय के गेट को बंद कर दिया।



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते छात्र।

छात्र कुलपति को मांगों का ज्ञापन सौपना चाहते थे। जब काफी देर तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन का कोई अधिकारी ज्ञापन लेने नही पहुंचा तो छात्रों ने सुरक्षाकर्मियों को पांच मिनट तक का समय दिया। पांच मिनट बीत जाने के बाद जब ज्ञापन लेने प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नही पहुंचे तो इनसो के कुछ कार्यकर्ता गेट फांदकर अंदर घुस गए। घटना के बाद विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि एंट्रेंस परीक्षा खत्म करने से कई विद्यार्थियों के साथ अन्याय होगा। उनका कहना था कि दाखिला प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए एंट्रेंस एग्जाम जरूरी है। घटना के दौरान वीसी कार्यालय परिसर में काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।




## 60 साधकों ने भारतीय योग संस्थान के प्रांतीय योग प्रेरणा शिविर में भाग लिया

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत, दिल्ली की हरियाणा प्रांत इकाई के तत्वावधान में मां भवानी मंदिर, चीका में आयोजित एक दिवसीय प्रांत स्तरीय योग प्रेरणा शिविर में कुरुक्षेत्र के लगभग 60 साधकों व अधिकारियों ने भाग लिया। शिविर में पूरे हरियाणा प्रांत के लगभग सभी जिलों से 450 से अधिक साधक व अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर स्थल पर पहुंचने पर चीका के साधक साधिकाओं ने सम्मान के साथ ढोल नगाड़े बजवा कर अपने चहेते अधिकारियों अखिल भारतीय प्रधान माननीय देस राज जी व उनकी धर्मपत्नी सुनीता गुप्ता, प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश व उनकी धर्मपत्नी सुशीला, प्रांतीय मंत्री रामपाल गोयल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रांतीय संगठन मंत्री व प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर सहित सभी गणमान्य अधिकारियों का बड़े उत्साह और श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया। सर्वप्रथम ब्रह्मवेला में देस राज ने ध्यान की आवश्यकता, विधि व लाभ बताकर ध्यान साधना का सुंदर अभ्यास करवाया।

## डिजिटल तकनीक से एआई से अपडेट होंगे आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, कंप्यूटर एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जोड़ने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में आयोजित इस 25 घंटे के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को कंप्यूटर एप्लीकेशन, एआई टूल्स, चैट जीपीटी एवं सांख्यिकी की बुनियादी जानकारी दी जाएगी। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि वर्तमान समय में आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकों के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें रिसर्च और नवाचार के लिए भी प्रेरित करेंगे। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को पारंपरिक ज्ञान के साथ आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ना समय की आवश्यकता है। इससे विद्यार्थियों की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। आरएंडआई की डायरेक्टर प्रो. दीप्ति पराशर ने बताया कि कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी एवं इंफॉर्मेशन साइंस विभाग के प्रो. दिनेश कुमार गुप्ता विद्यार्थियों को एमएस ऑफिस, पावरप्वाइंट एवं एमएस एक्सेल का बेसिक से एडवांस प्रशिक्षण देंगे।

### प्रदर्शनी में छात्रों ने तकनीकी मॉडल, नवाचार एवं शोध आधारित परियोजनाएं दर्शाई

## विकसित भारत-2047 के निर्माण हेतु शोध आधारित नवाचार जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी विभाग, हरियाणा सरकार के सहयोग से राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर आह्वान-2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने तकनीकी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न तकनीकी मॉडल, नवाचार एवं शोध आधारित परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विकसित भारत-2047 के निर्माण में तकनीक की महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि जिस देश की तकनीक जितनी अधिक विकसित होती है, वह देश उतनी ही तेजी से प्रगति करता है। भारत आज तकनीकी विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं को इस दिशा में संकल्पित होकर शोध, नवाचार तथा उद्यमिता के क्षेत्र में रचनात्मक कार्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है, इसलिए कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स और उद्यमिता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है ताकि किसान आर्थिक रूप से मजबूत बनें और युवा नौकरी लेने के बजाय रोजगार देने वाले बनें।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### युवा देश के निर्माण में दें योगदान

कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने विद्यार्थियों से सेमीकंडक्टर चिप्स, ऊर्जा संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों तथा तकनीकी शोध के क्षेत्र में गंभीरता से कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पूरा विश्व ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, इसलिए भारतीय युवाओं को तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से इन चुनौतियों का समाधान खोजने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने अपनी स्वदेशी वैक्सीन और संसाधनों के माध्यम से विश्व को सहायता प्रदान कर अपनी तकनीकी क्षमता का परिचय दिया था। उन्होंने युवाओं से देश निर्माण में तकनीक के माध्यम से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। यूआईईटी के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि आह्वान-2026 विद्यार्थियों की तकनीकी क्षमता और नवाचार को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच है। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति चौधरी, डॉ. रीटा दहिया, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, डॉ. अजय जांगड़ा, डॉ. सुनील ढींगरा, डॉ. विशाल अहलावत, डॉ. सुनील नैन, डॉ. अनुराधा, डॉ. पूनम डब्बास, डॉ. सविता, डॉ. सुनीता, डॉ. दिव्या खटक, डॉ. विजय गर्ग, अभिषेक, शिवानी, रविंद्र चौधरी, हरिकेश पपोसा सहित अनेक शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 90 हजार पशुओं का होगा टीकाकरण

**अंबाला।** उपनिदेशक, सघन पशुधन विकास परियोजना डॉ. रणजीत सिंह जादौन ने बताया गया कि पशुपालन को बढ़ावा देने और पशुधन को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिये पशुपालन विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में उपनिदेशक ने बताया कि 11 मई, 2026 से 11 जून, 2026 तक जिला में एक विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस एक महीने के दौरान विभाग की टीमें घर-घर जाकर गाय, भैंस और बैल समेत सभी पशुओं को मुंह-खुर और गलघोंटू के टीके निशुल्क लगायेगी। उन्होनें बताया कि इस अभियान के तहत पूरे क्षेत्र में लगभग 2 लाख 90 हजार पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया।

### जेसीआई ने लंगर हाल हेतु 2 कूलर किए भेंट

**कुरुक्षेत्र।** सामाजिक संस्था जेसीआई कुरुक्षेत्र द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए ऐतिहासिक गुरुद्वारा 6वीं पातशाही में लंगर हाल हेतु 2 कमर्शियल कूलर भेंट किए गए। जेसीआई कुरुक्षेत्र के प्रधान आशीष मल्होत्रा एडवोकेट ने बताया कि जेसीआई कुरुक्षेत्र के सदस्यों ने गुरुद्वारा साहिब में पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिबजी के समक्ष नतमस्तक होकर हाजिरी लगाई। अरदास करके लंगर हाल हेतु 2 बड़े कूलर भेंट किए गए। इस अवसर पर चंद्रेश अरोड़ा, बलविंदर सिंह, विवेक भारद्वाज डब्बू, गौरव ईशपूजानी, मनी सग्गू, संदीप चोपड़ा, सुमित परूथी, जितेन्द्र सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### ओपन हाउस क्विज में अनमोल ने जीता पुरस्कार

**कुरुक्षेत्र।** पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र में साइंस एंड टेक्नोलॉजी डे के अवसर पर एक भव्य ओपन हाउस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा नवम के प्रतिभाशाली छात्र अनमोल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान एवं तकनीकी के प्रति रुचि विकसित करना, तार्किक क्षमता को बढ़ावा देना तथा वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना था। इस ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विज्ञान, अंतरिक्ष, पर्यावरण, आधुनिक तकनीक एवं सामान्य ज्ञान से जुड़े रोचक प्रश्नों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और समझ को परखा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ अध्यापिका गुंजन उपस्थित रहीं।

### मीडिया संस्थान के दो छात्रों का प्रिंटिंग कंपनी में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी के लिए गर्व का विषय है कि बी.एससी. के दो विद्यार्थियों साहिल और गोविंद का चयन प्रतिष्ठित प्रिंटिंग कंपनी विजनोवा मल्टीसोर्स प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली में हुआ है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि विवि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

---

### सोमनाथ मंदिर की 75वीं प्राण-प्रतिष्ठा पर हाथीखाना मंदिर में हुआ कार्यक्रम

# राम मंदिर से सोमनाथ तक, मान्यताओं को मिल रहा पूर्ण सम्मान : अनिल विज

**ऊर्जा मंत्री बोले, मैनें भी सोमनाथ मंदिर में जाकर शीश नवाया है, वहां वातावरण मन को तृप्ति व शांति देने वाला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी पल को चूकते नहीं हैं। जो हमारी जनता की मान्यताओं के स्थान हैं जिनमें राम मंदिर, विश्वनाथ मंदिर हो या अन्य स्थान हो, सभी को पूरा सम्मान दिया जाता है। उसी प्रकार सोमनाथ मंदिर के 75वें प्राण-प्रतिष्ठा अवसर पर प्रधानमंत्री ने सारे देश को जोड़ा है तथा वो स्वयं सोमनाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए वहां उपस्थित हुए हैं। विज सोमवार को सोमनाथ मंदिर के 75वीं प्राण-प्रतिष्ठा पर अंबाला छावनी के कैलाश हाथीखाना मंदिर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। उन्होंने कहा कि देश वहीं तरक्की करता है जिसका सर्वांगीण विकास हो, उसकी अर्थव्यवस्था भी सुधरे, उसका ढांचा भी मजबूत बने, जनता को मिलने वाली सुविधाएं, सेनाएं भी मजबूत हो और हमारी मान्यता और सांस्कृति के जितने भी स्थान है उनका भी उत्थान हो तथा प्रधानमंत्री मोदी इन सबका ध्यान रखते हैं। उन्होंने भी सोमनाथ मंदिर में जाकर शीश नवाया है व दर्शन किए हैं। वहां पर जो वातावरण और शांति है वह लाख स्माधियों से भी ज्यादा मन को तृप्ति व शांति देने वाली है। आज वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं गए हैं क्योंकि 1951 में देश के प्रथम राष्ट्रपति राधाकृष्णन ने प्राण प्रतिष्ठा की थी, आज इसी का 75वां वर्ष मंदिर में मनाया जा रहा है जहां पर शिव का स्थान है और मंदिर है। वे श्रीश्री 108 महात्यागी मंहत मनमोहन दास जी का आभार व्यक्त करना चाहते हैं कि उन्होंने खुद इस कार्यक्रम में शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री अनिल विज ने हाथीखाना मंदिर में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर मंत्री अनिल विज का डीसी अजय सिंह तोमर व एसडीएम अंबाला छावनी कनिका गोयल ने अभिनंदन किया। अधिकारियों ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक वर्ष भर चलने वाले राष्ट्रीय स्मराणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।



**अंबाला।** कार्यक्रम में मौजूद मंत्री अनिल विज व महंत का आशीर्वाद लेते हुए मंत्री।

#### कलश यात्रा निकाली

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर हाथीखाना मंदिर के प्रांगण में कलश यात्रा का भी आयोजन भी किया गया था। इसके साथ-साथ सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सोमनाथ मन्दिर पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। मंत्री अनिल विज ने इस प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया और उसकी सराहना भी की। नगर परिषद् के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, भाजपा नेता प्रवेश शर्मा, रवि बुद्धिराजा, हर्ष बिंद्रा, विकास बहगल, अजय बवेजा, बिजेंद्र चौहान, राजीव गुप्ता, संजीव वालिया, शैली खन्ना, नरेंद्र राणा, आरती सहगल, महेश गोयल, मदन लाल शर्मा, श्याम सुंदर अरोड़ा, अनिल नागर, शम्मी चौहान आदि रहे।

#### सोमनाथ मंदिर हमारे स्वाभिमान का प्रतीक

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास प्रचलित है जिसे अनेकों बार तोड़ा गया व अनेकों बार बनाया गया। बाहर से जितने आक्रमणकारी आते थे जिनमें गजनवी, औरंगजेब व अन्य लुटेरे थे। वह हमारे देश में बाहर से जो भी शासन करने आते थे वह सब लुटेरे थे। उन्होंने हमेशा सोमनाथ मंदिर जोकि धन-धान्य से भरपूर था इसको लूटने की कोशिश की और अनेकों बार इसको तोड़ा भी गया क्योंकि यह हमारी मान्यता और स्वाभिमान का स्थान था। वर्ष 1947 में हिंदुस्तान जब आजाद हुआ तब सोमनाथ मंदिर बाहरी आक्रमणों की वजह से खंडित था। मगर सरदार वल्लभ भाई पटेल ने प्रण लिया था कि हम पहले जैसा ही मंदिर बनाकर देंगे। मगर तब चर्चाएं आई कि और मंदिर को जनता के सहयोग से पुनः बनाया गया। विज ने कहा कि सोमनाथ मंदिर में जो 10 शिवलिंग हैं इनमें पहला शिवलिंग पहले मंदिर में लगा है। यह मंदिर भारत भूमि में अरब सागर के किनारे है जहां से दक्षिणी ध्रुव तक बीच में कोई भूमि का टुकड़ा नहीं, कोई भी देश नहीं, कोई भी खंड व भाग नहीं है।

---

# सुलभ वेतन: 11 से लागू होगी ई वाउचर व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता लाने और पेपरलेस गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अब प्रदेश में अनुबंध और नियमित कर्मचारियों के वेतन, मानदेय और पारिश्रमिक के लिए साइबर ट्रेजरी या जिला ट्रेजरी में फिजिकल वाउचर जमा करने की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने 11 मई से इस व्यवस्था को पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया है। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेशों के अनुसार सिंगल नोडल एजेंसी के तहत अब ई-वाउचर व्यवस्था लागू कर दी गई है। सभी कार्यान्वयन एजेंसियों और आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अब डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट का उपयोग करना होगा। ऑनलाइन ई-वाउचर जमा होते ही सिस्टम से टोकन नंबर जेनरेट हो जाएगा। जिसके बाद ट्रेजरी अधिकारी डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित पे-ऑर्डर संबंधित डीडीओ को वेरिफिकेशन के लिए भेज देंगे।

#### इन श्रेणियों पर लागू होगा नया नियम

- ऑब्जेक्ट कोड-01 नियमित कर्मचारियों का वेतन।
- ऑब्जेक्ट कोड-69 अनुबंध कर्मचारियों का भुगतान।
- ऑब्जेक्ट कोड-87 मानदेय।
- ऑब्जेक्ट कोड-38 वेतन के लिए सहायता अनुदान।

#### गड़बड़ी हुई तो डीडीओ होंगे जिम्मेदार

सरकार ने स्पष्ट किया है कि ई-वाउचर प्रणाली के तहत किसी भी लाभार्थी या वेंडर को किए जाने वाले भुगतान की सटीकता और उसकी पात्रता की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग, कार्यान्वयन एजेंसी और उनके डीडीओ की होगी। यदि किसी अन्य हेड से वेतन निकाला जाना है तो इसके लिए वित्त विभाग से परामर्श करना अनिवार्य होगा।

### समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई करें अधिकारी: भारती

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाए और कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि समस्या के समाधान के बाद एटीआर निर्धारित फार्मेट में ही भरी जाए ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है।

---

### ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली, देशभक्ति का दिया संदेश

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, लोहारा में ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ को राष्ट्रभक्ति व सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 2 मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई व पुष्प अर्पित किये गए। सुरेन्द्र शर्मा द्वारा बच्चों को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया गया। विद्यालय परिसर में वंदे मातरम व जय जवान जैसे देशभक्ति के नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम में 50 कैडेट्स ने उत्साह और अनुशासन के साथ भाग लिया। यह आयोजन साहस, एकता और राष्ट्रीय गौरव के मूल्यों को उजागर करने में सफल रहा। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती प्रवीण कुमारी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और कर्तव्य की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने और शहीदों के बलिदान को हमेशा याद रखने का आह्वान किया। इस आयोजन में मनप्रीत कौर , समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने भाग लिया।





### बैलगाड़ी दौड़ में सुक्खी जंडाली के बैलों ने मारी बाजी

**शहजादपुर।** गांव रछेड़ी में बैलगाड़ी दौड़ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन रछेड़ी गांव वासियों के सहयोग से किया गया। प्रतियोगिता में लगभग पचास बैलगाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमे सुखी जंडाली ने पहला इनाम व उजागर सिंह रछेड़ी ने दूसरा इनाम व हिल सिंह जोहला ने तीसरा इनाम हासिल किया। इस प्रोग्राम में शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष हरकेश सिंह मोहड़ी ने मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्तयार सिंह बापोली ने बताया कि प्रतियोगिता में इनाम की राशि 31 हजार, 21 हजार व 16 हजार में मुख्य सहयोग तेजिंदर पाल सिंह टिल्लू यूएसए व नाहर सिंह रछेड़ी परिवार व समूह हल्के के लोगो की तरफ से किया गया है। इस अवसर पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेंबर गुरजीत सिंह धमोली और हरिंदर सिंह रछेड़ी ,गुरुद्वारा श्री टोका साहब के मुख्य सेवादार सरदार मुखत्यार सिंह बापोली , नरेंद्र सिंह जिला मीत प्रधान भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह, ,नाहर सिंह रछेडी, पम्मा सिंह नंबरदार रछेडी, दविंदर सिंह टिंकू,उजागर सिंह रछेड़ी, गुरध्यान सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकार की लापरवाही से हर साल डूब रहे गांव, अब और नुकसान बर्दाश्त नहीं : पूजा

- मानसून से पहले तैयारी पर राजनीति तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

मानसून सीजन को लेकर मुलाना की विधायक पूजा ने प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए नदियों की खुदाई और नालों की सफाई का कार्य तुरंत पूरा करवाने की मांग उठाई है। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो इस बार भी लोगों को बाढ़ और जलभराव की भारी मार झेलनी पड़ सकती है। विधायक ने कहा कि सरकार हर साल बारिश के बाद बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि नालों की सफाई और नदियों की खुदाई का काम समय पर नहीं होता। परिणामस्वरूप गांवों और शहरों में पानी भर जाता है। किसानों की फसलें तबाह हो जाती हैं और आम जनता को लाखों का नुकसान उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में हर मानसून के दौरान जलभराव और बाढ़ जैसी गंभीर समस्याएं सामने आती हैं। नालों में गंदगी और नदियों में जमा गाद के कारण पानी की निकासी बाधित हो जाती है, जिससे हालात बद से बदतर हो जाते हैं। विधायक ने आरोप लगाया कि प्रशासन केवल कागजों में काम दिखाकर अपनी जिम्मेदारी से बचता रहा है, जबकि धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मानसून शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों, ड्रेनों और नदियों की सफाई करवाई जाए। विकास कार्य सिर्फ फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि जनता को उसका वास्तविक लाभ मिले।



**बराड़ा।** विधायक पूजा चौधरी का फाइल फोटो *फोटो : हरिभूमि*

---

### विद्यालयों में व्यवस्थाओं की खुली पोल बीईओ नेहरा ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

शिक्षा व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने और सरकारी विद्यालयों की वास्तविक स्थिति जानने के उद्देश्य से बीईओ जगदीश नेहरा ने सोमवार को क्षेत्र के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता से पड़ताल की गई, वहीं स्टाफ को सख्त दिशा-निर्देश भी दिए गए। बीईओ ने जीपीएस एवं जीएसएसएस सरदेहरी, जीपीएस एवं जीएचएस शेरपुर सुलखनी, जीपीएस एवं जीएचएस बिंजलपुर, जीपीएस एवं जीएसएसएस जफरपुर तथा जीपीएस अलियासपुर का दौरा कर शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, कक्षा शिक्षण, स्वच्छता व्यवस्था, पीने के पानी, शौचालयों, मिड-डे मील और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डिजिटल बोर्ड के प्रयोग, लाइब्रेरी की पुस्तकों के आदान-प्रदान, खेल सामग्री की उपलब्धता और उसके वास्तविक उपयोग की जांच की। कुछ स्थानों पर व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता जताते हुए संबंधित स्टाफ को तुरंत कमियां दूर करने के निर्देश दिए। बीईओ जगदीश मेहरा ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मातृदिवस पर सार्थक साहित्य मंच की गोष्ठी, काव्य संग्रह प्रयास का विमोचन

- भावपूर्ण वातावरण में मनाई मई मास की मासिक काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

सार्थक साहित्य मंच द्वारा गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में मई मास की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मातृदिवस हर्षोल्लास एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर साहित्यकार ऋतु बरखी के चौथे काव्य संग्रह प्रयास का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मंच के संरक्षक एवं वरिष्ठ साहित्यकार रतनचंद सरदाना तथा अध्यक्षा डॉ. ममता सूद ने ऋतु बरखी को अंगवस्त्र, नारियल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया। सार्थक साहित्य मंच के सभी सदस्यों ने ऋतु बरखी नवप्रकाशन के लिए बधाई और शुभ कामनायें दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डॉ. सी.डी.एस. कौशल, उपाध्यक्ष डॉ. बलवान,सिह बादल,सचिव संजय कुमार मित्तल,कोषाध्यक्ष हरीश बंसल, डॉ. हरि प्रकाश, डॉ. अर्चना शर्मा, राधा अग्रवाल, अनीता रामपाल, सुदेश कुमारी आदि रहे।



**कुरुक्षेत्र।** ऋतु बरखी को सम्मानित करते आयोजक। *फोटो : हरिभूमि*

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर में जांचा 65 लोगों का स्वास्थ्य



**शहजादपुर।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 65 लोगों की आंखों की जांच की गई। शिविर का उद्घाटन परिषद के अध्यक्ष बलदेव शर्मा, संरक्षक परवीन भारद्वाज एवं महिला प्रमुख कुसुम भारद्वाज द्वारा किया गया। अध्यक्ष बलदेव शर्मा ने बताया कि भारत विकास परिषद हमेशा निस्वार्थ भाव से सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है तथा समाज हित में निरंतर कार्य कर रही है।परिषद के सदस्य गौरव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जांच के दौरान 4 मरीजों में मोतियाबिंद तथा 2 मरीजों में नाखूना पाया गया, जिन्हें आगे के उपचार हेतु कपिल आई हॉस्पिटल बुलाया गया है। शिविर में मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर सक्षम से करिशन सैनी तथा हॉस्पिटल स्टाफ से रमन, कपिल, सोनू, परवीन उपस्थित रहे। परिषद की ओर से परवीन शर्मा, मनीष बंसल, सोनिया जिंदल, आयुष गुप्ता एवं रतन लाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

---

### नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनने का काम किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में पहुंचे प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि लोगों को समयबद्ध राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं पर किसी भी तरह का विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक सप्ताह तक हुई ज्ञानवर्धक गतिविधियां

# विज्ञान आधुनिक जीवन को समझने की प्रभावशाली दृष्टि : मधु

**विज्ञान उत्सव में विद्यार्थियों ने क्रिएटिव साइंस रंगोली के माध्यम से लूटी वाहवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल में विज्ञान क्लब के तत्वावधान में संपूर्ण सप्ताह विभिन्न ज्ञानवर्धक, रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस सप्ताह भर चले विज्ञान उत्सव ने विद्यालय परिसर को जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच के रंगों से सराबोर कर दिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन एवं रचनात्मक ऊर्जा के साथ सहभागिता निभाकर यह सिद्ध कर दिया कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि जीवन को समझने की एक प्रभावशाली दृष्टि है। कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित क्रिएटिव साइंस रंगोली मेकिंग गतिविधि विशेष आकर्षण का केंद्र रही। विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी बचाओ अभियान, मानव शरीर रचना तथा विज्ञान से जुड़े विभिन्न विषयों को रंगों के माध्यम से अत्यंत सुंदर एवं प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। रंगोलियों में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ, सामाजिक चेतना एवं कल्पनाशक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विज्ञान विषय से संबंधित प्रश्नों का त्वरित बुद्धिमत्ता के साथ उत्तर देकर अपनी तार्किक क्षमता और वैज्ञानिक ज्ञान का परिचय दिया। प्रतियोगिता का वातावरण अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा। इसके अतिरिक्त कक्षा पांचवीं एवं छठी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित स्पेल वेल प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शब्दावली के सही उच्चारण, भाषा दक्षता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा दिया। संगीता माहेश्वरी एवं मधु शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, रचनात्मकता, सहयोग एवं समस्या समाधान जैसी जीवनोपयोगी क्षमताओं का विकास करती हैं।



**अंबाला।** विज्ञान उत्सव में विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते छात्र।

#### विद्यालय छात्रों के विकास के लिए सदैव प्रयासरत

प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विज्ञान क्लब की पूरी टीम, विद्यार्थियों एवं सहयोगी शिक्षकों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार की नवाचारपूर्ण गतिविधियों को प्रोत्साहित करता रहेगा। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बीएड. विद्यार्थियों का सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने पूरे उत्साह, समर्पण एवं सीखने की भावना के साथ गतिविधियों के संचालन एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। उनकी ऊर्जा एवं सकारात्मक सहभागिता ने कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बना दिया।